।। विद्या सर्वस्य भूषणम ।।

PRABODHAN EDUCATION SOCIETY'S

Vidya Prabodhini College of Commerce, Education, Computer & Management

Vidyanagar, Alto-Parvari, Goa

F.Y.B.A.B.Ed. SEMESTER END EXAMINATION – OCTOBER 2017 (Regular/Repeat)

Sub: Hindi (Optional)काव्य, कथा, व्याकरण एवं रचना HNO-01 **Semester: I**

M. Marks:70 **M. Time: 2 Hours**

सुचनाएं :

1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2) प्रत्येक मुख्य प्रश्नों का उत्तर नये पन्ने पर ही शुरू करें।
3) प्रश्न क्रमांक और उपप्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।
4) दायी ओर दर्शाएँ हुए अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं।

****

प्र 1. (अ) निम्नलिखित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए। **(2x5=10)**

i) निराला ने 'जुही की कली' में मानवीय प्रेम प्रसंग को किस प्रकार प्रस्तुत किया है ?

ii) लक्ष्मीबाई के विवाह के पश्चात कौनसी काली घटा उनपर घिर आयी थी ?

iii) बुध्द ने राजमहल से बहार निकलकर क्या देखा ?

iv) कवि शमशेर नागार्जुन बाबा के व्यक्तित्व, काव्यरूप और अभिव्यक्ति शैली को किस प्रकार दर्शाते है ?

(आ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। **(05)**

i) जिसके नेत्र मछली के सदृश हो।

ii) वह जिसकी बराबरी अन्यत्र दुर्लभ हो।

iii) जिस पर हँसी आ जाए।

iv) जो संतान से रहित हो।

v) दूर की बातों को सोच लेने वाला व्यक्ति।

प्र 2.अ. निम्नलिखित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (2x5=10)

I. गांधीजी ने आत्महत्या करने का निश्चय क्यों किया ?

II. कैलाश को जीवनदान किस प्रकार मिलता है ?

III. मुंडन संस्कार के दिन श्रीमान ने हेतू के साथ कैसा व्यवहार किया ?

IV. नीरा के साथ कौनसी अनहोनी हो गयी थी ?

(आ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (10+½=05)

1) नास्तिक 2) उग्र 3) अल्पसंख्यक 4) घटाना 5) अल्पायु

6) आदान 7) कोमल 8) अँधेरा 9) खरीद 10) दंड

प्र 3. अ.निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (लगभग 200 शब्दों में)

(i) स्तुति मैं कैसे करूं कि स्वर में मेरे है माधुरी नहीं। (05)

मन का भाव प्रकट करने को, मुझमें है चातुरी नहीं ।

नहीं दान है नहीं दक्षिणा, खाली हाथ चली आई।

पूजा की भी विधि न जानती, फिर भी नाथ चली आई।

अथवा

(ii) कबिरा खड़ा बजार में, लिया लुकाठी हाथ। (05)

बंदा क्या घबराएगा, जनता देगी साथ।

आ.i) "तकरीबन-तकरीबन पूरी हो चुकी है ! और मैं खुद भी तकरीबन-तकरीबन पूरा हो चुका हूँ ! अब देखना यह है कि पहले कार्रवाही पूरी होती है कि पहले मैं पूरा होता हूँ !" (05)

अथवा

ii) "यह गंगा का साधरण-सा पानी, इसके नाम पर इतनी हत्याएँ, इतने जघन्य पाप – अत्याचार ? मैं पूछता हूँ, बाढ़ आयेगी तो और नदियों के अतिरिक्त क्या गंगा, गाँव-घर और मनुष्य बहाना छोड़ देगी ?" (05)

प्र.4.अ. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 300 - 400 शब्दों में लिखिए। **(10)**

कवि गुप्त ने 'शिक्षा की व्यवस्था' कविता के माध्यम से शिक्षा के बारे में क्या बताया है ?

अथवा

प्र.4.आ. टिप्पणियाँ लिखिए। (लगभग 200 शब्दों में) **(5 + 5 =10)**

i) 'सखि, वे मुझसे कह कर जाते,' कविता में यशोधरा की व्यथा।

ii) 'कल्पना के कानन की रानी !' कविता का भावार्थ।

प्र.5.अ. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 300- 400 शब्दों में लिखिए। **(10)**

भारतीय जन-जीवन में भौजी के महत्व, व्यवहार और परिवर्तित स्वरूप का एक सच्चा रेखांकन विवेच्च रचना में मिलता है – स्पष्ट कीजिए।

अथवा

प्र.5.आ. टिप्पणियाँ लिखिए। (लगभग 200 शब्दों में) **(5 + 5 = 10)**

i) गांधीजी का सोना चुराना और दोष को स्वीकार करना।

ii) मंत्र कहानी का भगत।

प्र.6.अ. निम्नलिखित किन्हीं दो का भाव विस्तार कीजिए। **(5+5=10)**

i) कोयले की दलाली में हाथ काले।

ii) अपना वही जो आवे काम।

iii) जाको राखै साईयाँ मारि न सकिहैं कोय।

iv) पुण्य की जड़ सदा हरी।

....समाप्त...